# वी. एन्ड सी. पटेल अंग्रेजी विद्यालय

## वार्षिक परीक्षा

दिनांक : १६-३-१८
समय : ३ घण्टे

कक्षा – ८ विषय : हिन्दी

गुण-८०

### पठन विभाग

प्र-१ निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ४

विश्वविख्यात और विश्ववंद्य होते हुए भी स्वामी विवेकानंद का स्वभाव अति सरल और व्यवहार अति विनम्र था । उनका पांडित्य अगाध था । वे अंग्रेजी के पूर्ण पंडित और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ वक्ता थे । संस्कृत साहित्य और दर्शन के वे विद्वान थे और जर्मन, हिब्रू, ग्रीक, फ्रेन्च आदि विभिन्न भाषाओं पर उनका अधिकार था । व केवल चार घंटे सोते थे । प्रातःचार बजे उठकर वे जप-ध्यान में लग जाते । प्राकृतिक दृश्यों के वे बड़े प्रेमी थे । भोर में जप-तप से निवृत्त होकर मैदान की ओर निकल जाते और प्रकृति-सुषमा का आनंद लेते । उनकी वाणी में ऐसा प्रभाव था कि उन्के भाषण श्रोताओं के हृदय पर पत्थर की लकीर बन जाते थे । कहने का ढंग और भाषा बहुत सरल होती थी, पर उन सीधे-सादे शब्दों में ऐसा आध्यात्मिक भाव भरा होता था कि सुनने वाले तल्लीन जाते थे ।

प्रश्न १. स्वामी विवेकानंद का स्वभाव कैसा था ?
२. स्वामी विवेकानंद को किन विदेशी भाषाओं पर अधिकार था ?
३. स्वामी विवेकानंद सुबह कितने बजे उठते हो और क्या करते थे ?
४. स्वामी विवेकानंद की वाणी का प्रभाव कैसा था ?

### व्याकरण विभाग

प्र-२ क. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । ३

१) अमृत २) बाल ३) पथिक ४) कपड़ा ५) दूध ६) सिंह

ख. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । २

१) गुनाह २) पूर्व ३) अपना ४) एकल

ग. निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों के दो-दो शब्द लिखिए । २

१) घर २) पत्र ३) अक्षर ५) उपचार

घ. निम्नलिखित मुहावरों का इस तरह वाक्य में प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए । २

१) पेट में चूहे दौड़ना
२) नाक में दम करना
३) अगर मगर करना
४) खयाली पुलाव पकाना

**ड. निम्नलिखित लोकोक्तियों की सही जोड़े मिलाइए ।**

| अ | ब |
|---|---|
| १. एक अनार सौ बीमार | अ. घर की वस्तु या व्यक्ति का आदर नहीं होता |
| २. घर की मुरगी दाल बराबर | ब. अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता |
| ३. मान न मान मैं तेरा मेहमान | क. अपनों द्वारा हानि पहुँचाना |
| ४. अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता | ड. वस्तु कम, चाहनेवाले अधिक |
| | इ. जबरदस्ती मेहमान बनना |

च. वाक्य किसे कहते हैं ? वाक्य के मुख्य अंग कौन-कौन से है परिभाषा सहित लिखिए । २

**प्र-३ क. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य तथा विधेय को अलग छाँटकर लिखिए ।** २

१. पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं । २. गीता चित्र बना रही है ।

**ख. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्दों को पहचान कर उनके भेद का नाम लिखिए ।** ४

१. भूख के मारे जान निकल रही है । २. शाबाश ! तुम बहुत बहादुर हो

३. सुरभि और शिवानी नृत्यांगनाएँ हैं । ४. बच्चे बाहर खेल रहे है ।

**ग. निम्नलिखित उपसर्गो से दो दो शब्द बनाइए ।** २

१) स्व २) ला ३) अव ४) अन

**घ. निम्नलिखित शब्दों में से मूलशब्द और प्रत्यय को छाँटकर अलग कीजिए ।** २

१) बुद्धिमान २) चिकनाहट ३) दुखिया ४) ममत्व

ड. कारक किसे कहते है ? कारक के प्रकार लिखिए । २

**च. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को छाँटकर अलग कीजिए एवं उनके प्रकार का नाम लिखिए ।** २

१. सोने के आभूषण बहुत महँगे हैं । २. बुढापा बहुत दुखदायी है ।

३. नदी का प्रवाह बहुत तेज है । ४. रामचरितमानस धार्मिक ग्रंथ है ।

**छ निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण एवं विशेष्य अलग छाँटकर लिखिए ।** २

१. लडाकू जहाज बम बरसा रहा था २. वह मज़दूर यहाँ आया था ।

३. काली बिल्ली दूध पी गई । ४. भारी पत्थर नीचे लुढ़क गया ।

## साहित्य विभाग

**प्र-४ क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए ।** ५

१. 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' किसके नेतृत्व में हुआ और कब हुआ ?

२. कविने किन्हें भगवान के डाकिए बताया है और क्यों ?

३. दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता हैं ?

४. कबीरजी घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ?

५. बाज को अपनी जिंदगी से क्यों शिकायत नहीं थी ?

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तृत लिखिए ।** १८

१. टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस-किस के पास गई ? टोपी बनने तक के एक एक काम को लिखों

२. बाज के लिए लहरों ने क्यों गीत गाया था ?

३. ".....उन जंजीरों को तोडने का जिनमें वे जकड़े हुए है, कोई –न– कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं ...."

आपके विचार से लेखक 'जंजीरों" द्वारा किन समस्याओं की ओर संकेत किया है ? क्या आप लेखक की बात से सहमत है ? है तो क्यों, नही तो क्यों ?

४. "या तो बच्चाराज कायम कर लो या मुझे ही रख लो" । यह किसने कहा और कब कहा ? और इसका परिणाम क्या हुआ ?

५. पहली सवाक फिल्म के निर्माताको सम्मानित किया गया तो सम्मान कर्ताओं ने उनके लिए क्या कहा ? अर्देशिर ने क्या कहा ? इस प्रसंग में लेखक ने क्या टिप्पणी की है ? और उससे लेखक की किस विशेषता का पता चलता है लिखिए ?

६. सुदामा ने कहीं पर श्रीकृष्ण को कँही पर करूणानिधि कहा है, और कँही पर खीज उतारी है ? क्यों ?

**ग. निम्नलिखित पद्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो ।** ५

"तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढि-ढँढोरि आपही आयो ।
खोली किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध-दहीं सबसखनि खवायौ ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौं, अनभावत भुई मैं ढरकायौ ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह छोटा कौने ढँग लायौ ।
सूर श्याम कौं, हटकि न राखै तै ही पूत अनोखौ जायौ ।"

१. इस पद में श्रीकृष्ण किस किस वस्तु की चोरी करते है ?

२. श्रीकृष्ण दोपहर में किस प्रकार के घरों में चोरी करते हैं ?

३. ग्वालन कीसे उलहाना दे रही हैं ?

४. ग्वालन के श्रीकृष्ण के प्रति किस प्रकार के भाव प्रकट हो रहे हैं ?

५. 'ढरकायौ' तथा 'ढोटा' शब्द का अर्थ लिखिए ।

**प्र-५ क. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ५

उस रात बिलवासीजी को देर तक नींद नहीं आई । वे चादर लपेटे-चारपाई पर पड़े रहे । एक बजे वे उठे । धीरे, बहुत धीरे से अपनी सोई हुई पत्नी के गले से उन्होंने सोने की वह सिकड़ी निकाली जिसमें एक ताली बँधी हुई थी । फिर उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक खोली । उसमें ढाई सौ के नोट ज्यों-के–त्यों रखकर उन्होंने उसे बंद कर दिया । फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत् अपनी पत्नीके गले में डाल दिया । इसके बाद उन्होंने हँसकर अँगडाई ली । दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक चैन की नींद सोए ।

१. बिलवासीकी नींद क्यों उड़ी हुई थी ?

२. कौन से रुपये उन्होंने वापस रख दिए ?

३. बिलवासीजीने चोरी क्यों की थी ?

४. बिलवासीजी की पत्नी जाग जाती तो क्या होता ?

५. दूसरे दिन बिलवासीजी देर तर क्यों सोते रहे ?

**ख. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए। (कोई ६)** ४

१. भिनसार २. ढरकी ३. भुइँ ४. सौरभ
५. धर्मभीरू ६. इत्तफाक ७. आपा ८. म्यान

**ग. उचित विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ३

१. टोपी पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

क) निर्मल वर्मा ख) सृजंय ग) प्रेमचंद घ) सृजृंयु

२. साँप ने बाज को किस स्थिति में पाया ?

क) मरा हुआ ख) उड़ता हुआ ग) खून से लथपथ घ) निराश

३. 'जब सिनेमा ने बोलना सीखा पाठ किस विद्या में लिखा गया है ?

क) निबंध ख) कहानी ग) प्रसंग घ) आलेख

४. पाठ के आधार पर गवरइया का व्यवहार किस प्रकार का था ?

क) गुसैल ख) सुस्त ग) जिद्दी और धुन की पक्की घ) ईमानदार

५. बस पुलिया के ऊपर पहुँची तो क्या हुआ ?

क) टायर फट गया ख) टायर फिस्स हो गया
ग) ब्रैक फैल हो गए घ) टायर नए लग गए

६. कबीर के अनुसार जग में हमारा कोई भी बैरी नही होगा जो हम...

क) ईमानदार हो जाए ख) हमारा मन शीतल हो जाए
ग) सभी की बात न मानने पर घ) हमारा दिमाग शांत हो जाए।

## लेखन विभाग

**प्र-६ क. निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** ४

१. ऋतुराज वसंत
२. बढ़ता प्रदुषण

**ख.** आपको एक पेन कंपनी के मालिक ने पेन के लिए विज्ञापन बनाने को दिया है। आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। ३